# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कोंडागाँव

बंधापारा, कनेरा रोड, कोंडागाँव (छ.ग.) 494226
फोन नं: 07786296025 वेबसाइट : https://kondagaon.kvs.ac.in/ ई-मेल:- kondagaonkv@gmail.com

## चल-साक्षात्कार (WALK-IN-INTERVIEW)

**शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु अंशकालीन संविदा शिक्षकों के विभिन्न पदों हेतु पैनल बनाने के लिए केंद्रीय विद्यालय कोंडागाँव परिसर में चल-साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण-पत्रों उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियाँ एवं 2 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो के साथ प्रातः 08:30 से 10:00 बजे के मध्य नियत दिनांक एवं पद के अनुरूप उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते हैं। विभिन्न पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, वेतन, सेवा शर्तों, आवेदन प्रपत्र एवं अधिक जानकारी के लिए दिए गए लिंक https://drive.google.com/drive/folders/1xO5yYStuFIVMnQcnTPqhaDW6OOgILRUt अथवा QR कोड का अवलोकन करें। विलम्ब से आने वाले अभ्यर्थियों पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने पर आवश्यकतानुसार लिखित परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 11:00 बजे तक आयोजित की जाएगी।**

**साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग गूगल फॉर्म (लिंक: https://forms.gle/4WbJbhGdcwKsF4sH9 ) या QR कोड के माध्यम से दिनांक 26/02/2026 को प्रातः 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से भरना होगा।**

| दिनांक एवं दिन | पद एवं विषय | सूचना QR कोड | गूगल फार्म QR कोड |
|---|---|---|---|
| 27.02.2026 (शुक्रवार) | **बाल-वाटिका** के लिए प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक(PRTs), विशेष शिक्षक(Special Educator),शैक्षिक परामर्शदाता(Educational Counselor), खेल प्रशिक्षक, योग शिक्षक, स्टाफ नर्स, स्नातकोत्तर शिक्षक (कंप्यूटर विज्ञान), कंप्यूटर प्रशिक्षक, व्यावसायिक प्रशिक्षक(Vocational Trainer) \| | | |
| 28.02.2026 (शनिवार) | **1. प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (TGTs)** - गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, हिंदी \|<br>**2. स्नातकोत्तर शिक्षक (PGTs)** - भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, अंग्रेज़ी, हिंदी \| | | |

s

**प्राचार्य**

**नोट:**

1. अभ्यर्थी दिए गए लिंक पर जाकर
https://drive.google.com/drive/folders/1xO5yYStuFIVMnQcnTPqhaDW6OOgILRUt अथवा नीचे दिए गए QR कोड पर क्लिक करके आवेदन पत्र डाऊनलोड करें तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र सभी आवश्यक दस्तावेजों (मूल प्रति एवं छायाप्रति) के साथ साक्षात्कार हेतु नियत दिनांक को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कोंडागाँव में प्रातः 8:30 से 10:30 बजे तक पंजीयन करा लेवें।

साक्षात्कार में शामिल होने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग गूगल फॉर्म (लिंक: https://forms.gle/4WbJbhGdcwKsF4sH9 ) या QR कोड के माध्यम से दिनांक 26/02/2025 को प्रातः 9:00 बजे तक अनिवार्य रूप से भरना होगा।

2. टी.जी.टी. सामाजिक विज्ञान हेतु स्नातक स्तर हेतु निम्न विषय में से कोई दो विषय इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र एवं राजनीती शास्त्र, इनमे से इतिहास या भूगोल में से एक अनिवार्य रूप से होना चाहिए।

3. टी.जी.टी. विज्ञान हेतु स्नातक स्तर में जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं रसायन विज्ञान विषय अनिवार्य |

4. टी.जी.टी.संस्कृत/अंग्रेजी/हिन्दी/गणित के लिए स्नातक स्तर में तीनो वर्षों में संस्कृत/अंग्रेजी/हिन्दी/गणित विषय अनिवार्य है ।

5. टी.जी.टी. अंग्रेजी हेतु फाउंडेशन इंग्लिश विषय के रूप में मान्य नहीं है।

6. टी.जी.टी. अंग्रेजी हेतु बी. कॉम इंग्लिश प्रश्न-पत्र/विषय के रूप में मान्य नहीं है।

7. अलग-अलग पद हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा एवं सभी पदों हेतु अलग-अलग फार्म तथा सम्बंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ जमा करनी होगी।

8. सभी पदों के लिए कंप्यूटर में व्यावहारिक ज्ञान आवश्यक है।

9. हिंदी एवं अंग्रेज़ी भाषा में अध्यापन की दक्षता होनी चाहिए ।

10. प्राथमिक शिक्षक पद हेतु प्राथमिक कक्षाओं हेतु आयोजित केवल सी. टी. ई. टी (1-5) पास अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

11. टीजीटी शिक्षक पद हेतु टीजीटी कक्षाओं हेतु आयोजित केवल सी. टी. ई. टी (6-8) पास अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी ।

12. टीजीटी पद हेतु जिन अभ्यर्थियों के पास सी. टी. ई. टी (6-8) योग्यता नहीं है ऐसे अभ्यर्थियों का चयन सी.टी. ई. टी (6-8) पास योग्यता वाले अभ्यर्थियों के पैनल समाप्त होने के बाद ही किया जा सकता है। इसके लिए उन अभ्यर्थियों का बीएड होना अनिवार्य है।

13. पीआरटी पद हेतु जिन अभ्यर्थियों के पास सी.टी. ई. टी (1-5) योग्यता नहीं है ऐसे अभ्यर्थियों का चयन सी.टी. ई. टी (1-5) पास योग्यता वाले अभ्यर्थियों के पैनल समाप्त होने के बाद ही किया जा सकता है। इसके लिए उन अभ्यर्थियों का बीएलएड/डीएलएड/ डीएड होना अनिवार्य है। माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पी.आर.टी. पद हेतु बीएड योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे ।

14. साक्षात्कार के समय शैक्षणिक योग्यताओ के समस्त मूल प्रमाण पत्रो के साथ सभी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति (प्रत्येक पद हेतु पृथक) एवं पासपोर्ट साइज़ के दो फोटो एवं फोटो पहचान पत्र की मूल प्रति अवश्य लाएँ, मूल प्रमाण-पत्रों के बगैर पंजीकरण, शैक्षणिक योग्यता सत्यापन कार्य एवं साक्षात्कार नहीं लिया जा सकता है ।

15. साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

16. उपरोक्त पदों हेतु अभ्यथियों की आयु सीमा दिनांक 31.03.2026 को 18 से 65 वर्ष के मध्य होगी।

17. नियुक्ति एवं सेवा विद्यालय की आवश्यकतानुसार होगी। साक्षात्कार को अंतिम चयन ना समझा जाए।

18. टीजीटी (संबंधित विषय) हेतु बी.एड. एवं सी.टी. ई. टी (6-8) अर्हता के उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की दशा में ही स्नातक (बी.ए./बी.एस.सी.) में उच्च अंकधारी (60% या उससे अधिक) अभ्यर्थियो का चयन योग्य पाए गए अभ्यर्थियों के पैनल समाप्त होने के बाद ही किया जा सकता है।

19. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि संबंधित जानकारी एवं सूचनाओं हेतु दी गई लिंक https://drive.google.com/drive/folders/1xO5yYStuFIVMnQcnTPqhaDW6OOgILRUt का निरंतर अवलोकन करें अथवा दिए गए QR कोड पर क्लिक करें।

20. विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **https://kondagaon.kvs.ac.in/** का नियमित रूप से अवलोकन किया जाए।

साक्षात्कार सम्बन्धी जानकारी हेतु QR कोड

गूगल फॉर्म भरने QR कोड हेतु

**प्राचार्य**